## सार-समाचार

### अवनीत राव ने क्रैक किया जी-एडवांस

अवनीत सिंह राव

**भीनमाल**, (निसं) एनटीए द्वारा ऑफिशियल साइट पर जी – एडवांस का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। यह परीक्षा देश के प्रतिष्ठित अभियांत्रिकी कॉलेजों भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के लिए प्रवेश परीक्षा होती हैं। इससे पूर्व विधार्थी को जी – मेंस की परीक्षा पास करनी पडती हैं। इसमें उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी आईआईटी कोलेज से इंजीनियरिंग करके अपना भविष्य बनाते हैं। भीनमाल निवासी अर्जुनसिंह राव के पुत्र अवनीत सिंह ने इस परीक्षा को उत्तीर्ण किया हैं। अवनीत ने बताया कि 10 वीं कक्षा के बाद उसने गणित – विज्ञान विषय लेकर कोटा के एलेन संस्थान से दो साल कोचिंग की। उसके बाद एक साल जयपुर रहकर तैयारी की और सफलता हासिल की। अवनीत ने बताया कि पुराने प्रश्न – पत्र और कोचिंग के निर्देशों को पालन करते हुए परीक्षा को पास किया जा सकता हैं। अवनीतसिंह राव ने बताया कि वह आगे चलकर गणित और कंप्यूटर विज्ञान विषयों में शोध करना चाहता हूं। विद्यार्थी ने अपने अच्छे परिणाम का श्रेय अपने पिता अर्जुनसिंह और परिवार को देते हुए कहां की पापा ने कभी भी मुझे पढाई का तनाव नहीं लेने दिया। अवनीत ने इससे पूर्व जी – मेंस में 99 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किए

### खालसा सेवा संस्था ने मिल्क रोज पिलाया

**पाली**, (नि.सं.)। खालसा सेवा संस्थान पाली द्वारा आज सूरजपोल में शीतल मिल्क रोज़ का वितरण किया गया। संस्था अध्यक्ष दर्शन तलवार वि सचिव सन्तोख सिंह बाजवा ने बताया कि आज सूरज पोल गुरुद्वारे के पास सुबह 10 बजे सस्थां के सेवादारों द्वारा मिल्क रोज तैयार कर गुरु जी को अरदास कर भोग लगाकर कार्यक्रम के आरंभ किया। बताया कि सिख धर्म के पांचवें गुरु, गुरु अर्जुन देव जी को मुगल सम्राट जहाँगीर के शासनकाल में वर्ष 1606 में मृत्युदंड दिया गया था। बता दें कि वर्ष 1605 में जब मुगल बादशाह जहाँगीर उनके साम्राज्य संभालते ही शहजादा खुसरो ने जहांगीर के खिलाफ बगावत कर दी और गुरु जी के पास शरण ले ली। इस बात की जानकारी जब जहांगीर को हुई तो उसने अर्जुन देव को गिरफ्तार कर लिया। जहांगीर ने गुरु जी पर बगावत का आरोप लगाया उन्हें भयानक यातनाएं दी गईं। उन्हें गर्म तवे पर बैठाया गया। उनके ऊपर गर्म रेत और गर्म तेल डाला गया। इस तरह उन्हें पांच दिनों तक लगातार यातनाएं दी गईं। इन यातनाओं का उन पर इतना भयानक प्रभाव पड़ा कि वे मूर्छित हो गए। इसके बाद जहांगीर ने क्रूरता की हदें पार करते हुए, गुरु जी के मूर्च्छित शरीर को रावी नदी में समाहित करने का आदेश दिया। यह घटना 30 मई, 1606 को हुई थी। गुरु अर्जुन देव जी शहीदी दिवस पर सिख समुदाय द्वारा शीतल मिल्क रोज़ की छबील प्रशाद पूरे विश्व में वितरित किया जाता है। इस अवसर पर खालसा सेवा संस्थान पाली के तत्वावधान में सेवादारों ने सेवा दी। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह खेड़ा, दिलीप सिंह, कुलदीप सिंह, अमरजीत सिंह, सहजदीप सिमर खेड़ा, सुखवंत सिंह, मिलाप सिंह, निर्मोलक सिंह, सुखविंदर सिंह, पृथीपाल सिंह, पिंटू आहूजा, ऋषि खेड़ा, राजेश पंजाबी, किशन लाल पंजाबी, जसपाल खेड़,ा मंजीत सिंह सहरी, लखा सिंह, सोनू सिंह, हैप्पी सिंह, इक जोत सिंह, सेवक सिंह, शेर सिंह आदि सेवादार सेवा में जुटे थे।

### इलेक्ट्रीकल कंपनी को चपत लगाई

**जोधपुर**, (कासं)। हनुमानगढ़ की एक इलेक्ट्रीकल फर्म के व्यक्ति को जोधपुर डिस्कॉम में विद्युत उपकरणों की देखरेख माल मेटेरियल की खरीद–फरोख्त की जानकारी के लिए रखा गया। उसके साथ में बकायदा कोर्ट में लिखापढ़ी की गई। मगर काम करने वाले व्यक्ति ने डिस्कॉम में माल का गबन कर दिया और फर्म मालिक को 44.96 लाख की चपत लगाकर फोन बंद कर दिया। पीड़ित की तरफ से बासनी पुलिस ने धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया है। हनुमानगढ़ हाल जयपुर के मुरलीपुरा के रहने वाले नरेंद्र गोदारा की तरफ से बासनी थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह हनुमानगढ़ में संचालित श्रीबालाजी इलेक्ट्रीकल्स वक्र्स का साझेदार है। यहां से इलेक्ट्रीकल माल जोधपुर डिस्कॉम को सप्लाई किया जाता है। जिसमें 33 एवं 11 केवी के ट्रांसफार्मर सहित अन्य उपकरण भेजे जाते है। उसकी संचालित फर्म से टोंग जयपुर के विश्राम राम मीणा पुत्र प्रहलाद मीणा को लिखापढ़ी कर जोधपुर डिस्कॉम के न्यू पावर हाउस रोड पर लगाया गया था। 1 जनवरी 21 से लेकर 9 दिसम्बर 22 तक उसे रखा गया था। इस बीच उसने कब और कैसे घोटाला किया इसका पता नहीं चल पाया। हाल में ऑडिट रिपोर्ट तैयार करने पर जोधपुर डिस्कॉम से पता लगा कि काफी माल नहीं है। रिपोर्ट में आरोप है कि विश्रामराम मीणा ने सोची समझी साजिश के तहत कंपनी का 44.96 लाख का माल खुर्दबुर्द कर डाला है। आरोपी से कई बार फोन पर संपर्क किया गया मगर उसने फोन बंद कर डाला है, कई बार बात करने पर वह टालमटोल जवाब देता रहा। बासनी पुलिस अब जांच कर रही है।

### उच्च अंकों से उत्तीर्ण का सम्मान

**जोधपुर**, (कासं)। फिजिक्स वाला विद्यापीठ पॉवर्ड बाय उत्कर्ष क्लासेस तथा 94.3 माय एफएम के संयुक्त तत्वावधान में गत रविवार को विशेष कार्यक्रम 'माय सिटी टॉपर' आयोजित किया गया। मारवाड इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम में गत बोर्ड परीक्षाओं में अपने प्रदर्शन से मारवाड क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले 10वीं एवं 12वीं के होनहार छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान उत्कर्ष क्लासेस के सीओओ सुभाष भौमिक सहित कैटेगरी हेड संदीप कुमार साँखला, रौनक जैन तथा अन्य फैकल्टी मेंबर्स ने विद्यार्थियों को मेडल व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। प्रात- 9 बजे और दोपहर 2 बजे के दो चरणों में आयोजित हुए इस सम्मान कार्यक्रम में जोधपुर के अलावा आस–पास के जिलों से बडी संख्या में छात्र– छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में 94.3 माय एफएम के स्टेशन हेड पुनीत माथुर, सेल्स हेड अशोक सिंह भाटी तथा माय एफएम टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थियों के अभिभावकों ने अपने नौनिहालों के सम्मान में आयोजित किए जाने वाले इस विशेष कार्यक्रम हेतु फिजिक्स वाला विद्यापीठ, उत्कर्ष क्लासेस तथा माय एफएम का आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों ने भी कार्यक्रम में उत्साह के साथ भाग लिया तथा बीच–बीच में मनोरंजन के तौर पर होने वाले गेम्स एवं अन्य एक्टिविटीज में हिस्सा लेकर लुत्फ उठाया तो वहीं लक्की ड्रॉ के माध्यम से स्मार्ट वॉच, इयरपोड व अन्य कई सारे उपहार जीते। कार्यक्रम में आरजे रेक्स, आरजे पुलकिता व आरजे भावेश शुरुआत से लेकर आखिरी तक समा बाँधे रखा।

### सुरेश गर्ग की सड़क दुर्घटना में मौत

**पाली**, (नि.सं.)। सदर थाना अंतर्गत पनिहारी चौराहे के निकट चाचा भतीजे की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार वरिष्ठ पत्रकार सुरेश गर्ग अपने चाचा हरजी के साथ चोटिला गांव से कार्यक्रम कर लौट रहे थे। जहां जोधपुर बाईपास पनिहारी चौराहे के निकट आगे चल रही कार का टायर फट जाने से टकराने के कारण बाइक उ चलकर सड़क किनारे गिर पड़ी। जहां सुरेश के सर पत्थर से टकराने के कारण मौके पर ही मौत हो गई और उनके चाचा हरजी को अस्पताल लाकर ट्रॉमा वार्ड में उपचार के दौरान मौत हो गई। सुरेश गर्ग के पिछले 20 सालों से भास्कर में ठामीण पत्रकार के रूप में कार्य कर रहे थे और सबसे मिलनसार व्यक्ति थे। दुर्घटना की खबर सुनकर ट्रॉमा वार्ड में पत्रकार व फोटोग्राफर पहुंचे और दुख प्रकट किया। पुलिस ने उनके परिवार को सूचित कर मौके पर बुलाया।

### शिकायत पर डिस्कॉम की कार्रवाई

**जोधपुर,** (कासं)। जिलावृत जोधपुर क्षेत्र में हाल ही में आंधी एवं बरसात के कारण 750 पोल धराशाही होने की शिकायत पर डिस्कॉम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अपने सभी फील्ड में तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को युद्ध स्तर पर सप्लाई को सुचारू एवं दुरस्त करने में लगाकर क्षितठास्त पोलों को शीघ्र ठीक करने का काम शुरू कर दिया गया है। अधीक्षण अभियंता (जिला वृत) जोधपुर डिस्कॉम एम.एल. बेन्दा ने बताया कि डिस्कॉम द्वारा 132 केवी जीएसएस मथानियां और 132 केवी जीएसएस बाना का बास ठिाड सब स्टेशन की क्षमता वृद्धि करने का काम शुरू किया गया है। साथ ही, यहां प्रत्येक में 20/25 के पावर ट्रांसफार्मर हटा कर 40/50 के ट्रांसफार्मर लगाए जा रहे है। उन्होंने बताया की डिस्कॉम द्वारा उपलब्ध सभी संसाधन विद्युत बहाली में लगाकर उसी दिन सभी 86 गाँवों की विद्युत सप्लाई चालू कर दी गई है।

# गौ चिकित्सालय की भूमि के लिये भजन संध्या आयोजित, भामाशाहों ने सहयोग किया


जालोर शहर में भैंरूनाथ अखाड़ा के प्रेमनाथजी महाराज व मलकेश्वर मठ के श्रवण भारतीजी महाराज के सानिध्य में भजन संध्या आयोजित हुई। फोटो– राष्ट्रदूत

जालोर शहर के मलकेश्वर मठ में लोगों की भीड़ उमड़ी फोटो–राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं) । गऊ रक्षा सेवा संस्थान के तत्वाधान में गौ चिकित्सालय की भूमि के लिये एक शाम गौ माता के नाम भजन संध्या शहर के मलकेश्वर मठ में रविवार रात को भेरूनाथ अखाडा के प्रेमनाथजी महाराज व मलकेश्वर मठ के श्रवण भारतीजी महाराज के सानिध्य में आयोजित हुई।

गऊ रक्षा सेवा संस्थान जालोर के सचिव अर्जुन माली ने बताया कि बीमार गायों के लिये जालोर में संस्थान द्वारा भामाशाहों के सहयोग से पिछले लंबे समय गऊ रक्षा उपचार केंद्र का संचालन अस्थाई जमीन पर किया जा रहा है। जिसके लिये स्थाई जमीन को लेकर भामाशाहों के सहयोग से भजन संध्या का आयोजन गौरत्न भजन गायक ओम मुंडेल व देवेन्द्र लांबिया की भजनों की प्रस्तुति से आयोजित हुई।

भजन संध्या की शुरुआत गायक देवेन्द्र लांबिया के द्वारा गणपति वन्दना से की गई एवं इनके द्वारा सालासर में हनुमान बिराजे रे आदि भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को आगे बढाते हुये गौरत्न भजन गायक ओम मुंडेल द्वारा गुरु वन्दना वारी जाऊ जी, बल्हारी जाऊ जी से शुरुआत कर इण दुनिया में गऊ माता भगवान कईजे, छोटी– छोटी गैया, छोटे– छोटे ग्वाल, वेगा पधारो म्हारा कृष्ण कन्हैया, म्हारा तेजाजी सुपर डुपर सहित एक बढकर एक बहुत ही सुन्दर भजनों से प्रस्तुति देकर मौजूद लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम में सडक दुर्घटना में स्वर्गवासी गौसेवक भरत टांक को श्रृद्धांजलि दी गई एवं उनकी दोनों बच्चियों द्वारा मेहमानों को दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्य म को भव्य बनाने के लिये गऊ रक्षा सेवा संस्थान के अध्यक्ष छगन माली सहित उनकी पूरी टीम ने सभी गौभक्तों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर नगर परिषद उपसभापति अम्बालाल व्यास, दी जनरल मर्चेंट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष कैलाश माहेश्वरी, सचिव कैलाश लखारा, दिलीप सेन, सुरेश नागर, मचनाराम जाट, पीराराम सोनी, सुरेश पुरोहित, कैलाश प्रजापत, भीखाराम चौधरी, विक्रम मेघवाल, तौलाराम चौधरी, रामचंद्र शर्मा, दिनेश गोदारा, गजेंद्र सोलंकी, हितेश चौधरी पाणवा, प्रकाश सांखला सहित बडी संख्या में गौसेवक व गौभक्त उपस्थित रहे।

### भामाशाहों ने गौ चिकित्सालय की जमीन के लिये दिल खोलकर किया दान

जालोर भजन संध्या में गौरत्न भजन गायक ओम मुंडेल द्वारा प्रेरित करने पर भामाशाओ द्वारा गौमाता के चिकित्सालय हेतु दिल खोलकर दान किया गया जिसमें चिकित्सालय हेतु एंबुलेंस, ट्रैक्टर, पानी के लिये टैंकर, ट्रैक्टर ट्रॉली, एक महिला दानदाता ने अपने पहनी हुई सोने की अंगूठी सहित करीब 5० लाख रुपये नकद राशि की घोषणा भामाशाओ द्वारा की गई जिसमें चौधरी समाज रोपसी, बलवीरसिंह बोया, जबराराम घांची व जोधाराम चौधरी मांडवला, हवा कंवर बालवाडा, रामलाल देवासी, किशनलाल (लालपोल), दीपक दवे, भरत पटेल, गऊ रक्षा सेवा संस्थान इकाई डांगरा, बालवाडा व मांडवला सहित अनेकों दानवीरो का सहयोग सराहनीय रहा। भजन संध्या में एकत्रित राशि चिकित्सालय की भूमि के लिये काम ली जायेगी।

# जे.डी.ए. की कार्यकारी समिति ने भूमि आवंटन के प्रस्ताव पर चर्चा की

आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण एवं अध्यक्ष उत्साह चौधरी की अध्यक्षता में जे.डी.ए. कार्यकारी समिति की बैठक हुई।

**जोधपुर**, (कासं)। आयुक्त जोधपुर विकास प्राधिकरण एवं अध्यक्ष कार्यकारी समिति उत्साह चौधरी की अध्यक्षता में सोमवार को जेडीए कार्यकारी समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम गत बैठक के निर्णयों की पुष्टि करते हुए विवेक विहार योजना में बस टर्मिनल/ट्रांसपोर्ट हब विकसित किए जाने, ग्राम केरू तहसील जोधपुर के खसरा संख्या 812, 821 व 786 में रीको को 1000 बीघा भूमि के आवंटन के प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्णय लिए गए।

प्राधिकरण की आय बढाने के क्रम में प्राधिकरण की योजनाओं के बाहर प्राधिकरण के स्वामित्व की अप्रतिबन्धित श्रेणी की भूमियों को भूमि निस्पादन (डिस्पोजल ऑफ अरबन लेण्ड) नियम 1974 के अनुसार खुली नीलामी के द्वारा विक्रय किए जाने के प्रस्ताव, व्यापक जनहित के मद्देनजर एवं यातायात को सुगम बनानेके लिए रोड नेटवर्क प्लान तैयान करने के प्रस्ताव तथा प्राधिकरण की विवेक विहार योजना सहित अन्य योजनाओं में विभिन्न सुविधा क्षेत्रों में एक ही प्रकार के उपयोग की पुनरावृत्ति को रोकनेके लिए व्यापक जनहित में विभिन्न सुविधा क्षेत्रों में विभिन्न प्रकार के उपयोगों को अनुज्ञेय करने की स्वीकृति से संबंधित प्रस्ताव सहित कुल 10 प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्णय लिए गए। सचिव जेडीए डॉ. हरीतिमा, प्रबंधक प्रशासन रा.रा.प.प. निगम रामपाल जमेरिया, उपनिदेशक पर्यटन भानुप्रताप, कलेक्टर प्रतिनिधि एसीईएम राजस्व विभाग जोधपुर प्रियंका विश्नोई, एएसपी जोधपुर ग्रामीण पुलिस जयदेव सिहाग, निदेशक वित्त जेडीए दशरथ कुमार सोलंकी, निदेशक अभियांत्रिकी महेन्द्र सिंह पंवार, निदेशक आयोजना महेन्द्र चौधरी, निदेशक विधि जगदीश कुमार, उपायुक्त कंचन राठौड, जयपाल सिंह, जोनल सीई डिस्कॉम पीएस चौधरी, अधीक्षण अभियन्ता जेडीवीवीएनएल एमएम सिंघवी, अधीक्षण अभियन्ता पीएचईडी जगदीश चन्द्र व्यास, अधीक्षण अभियन्ता पीडब्ल्यूडी सुरेश शर्मा, आरएम रिको कुलदीप दाधीच, डीटीपी नगर निगम दक्षिण गौतम माथुर, एसआई यातायात पुलिस हिम्मतसिंह, अधिशाषी अभियन्ता पीडब्ल्यूडी अंजू चौधरी आदि मौजूद रहे।

## ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन

**पाली**, (नि.सं.)। राजकीय बांगड उच्च माध्यमिक विधालय मे चल रहे शिक्षा विभागीय 15 दिवसीव ग्रीष्मकालीन क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर का सोमवार को समापन हुआ।

शिविर संयोजक बसंत परिहार ने बताया कि शिविर में कुल 15 बच्चों ने भाग लिया, सभी खिलाड़ियों को विभागीय नियमानुसार मानदेय दिया गया। संयोजक ने बच्चों को जीवन में खेल की उपयोगिता बताई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मुख्यालय राहुल राजपुरोहित, एडीईओ रामलाल कुमावत, उप जिला जिला शिक्षा अधिकारी खेलकूद रविन्द्र सिंह राठौड़, राजस्थान क्रिकेट संघ से पूर्व आयोजन सचिव मुकेश बोहरा, किकेट कोच दूर्गालाल गहलोत, प्रशान्त गोदा, सुल्तान खान आदि मौजूद रहे। मंच संचालन शिक्षक नेता जयनारायण कड़ेचा ने किया।

## रात्रि चौपाल आज

**जालोर**, (कासं)। कलैक्टर पूजा पार्थ 11 जून को भीनमाल उपखण्ड के भागलभीम ग्राम में रात्रि चौपाल करेंगी।

अतिरिक्त जिला कलैक्टर शिवचरण मीना ने बताया कि भागलभीम ग्राम में मंगलवार को रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलैक्टर पूजा पार्थ ग्रामीणों की समस्याओं को सुनेंगी।

## सुनार को लूटने का प्रयास

**जोधपुर**, (कासं)। निकटवर्ती धवा गांव के एक सुनार को पांचवीं–सातवीं रोड के बीच में लूटने का प्रयास किया गया। बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसकी आंखों में मिर्च पाउडर डालकर ज्वैलरी का थैला छीनने का प्रयास किया। मामला 20 मई का है, मगर डर के चलते उसने अब पुलिस में मामला दर्ज कराया है। अब हिम्मत जुटा कर पुलिस के पास पहुंच कर मामला दर्ज कराया है।

धवा झंवर निवासी देवीचंद सोनी पुत्र घेवरचंद सोनी की तरफ से सरदारपुरा थाने में रिपोर्ट दी गई है। इसमें बताया गया है कि वह सुनारी का काम करता है। 20 मई को धवा से जोधपुर घोड़ों का चौक अपने किसी काम से आया था। रात को वह घोड़ों का चौक से पैदल होकर निकला फिर एक ऑटो में सवार हुआ। ऑटो चालक पांचवीं–सातवीं रोड के बीच पहुंचा तब एक बाइक पर तीन बदमाश आए और उस पर लडक़ी छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए मारपीट करते हुए आंखों में मिर्च पाउडर डाल दिया।

उसके हाथ में एक थैली थी जोकि बदमाशों ने छीनकर ले जाने की कोशिश की। इस पर उसने थैली को बचाते हुए नजदीक में आए बालाजी मंदिर में भाग कर जान बचाई। तब तक दो तीन लोग वहां आ गए। इस पर बदमाश बाइक लेकर भाग गए।

# श्रवणसिंह राव ने केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात की

जालोर के भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने केन्द्रीय मंत्रियों से मुलाकात की। फोटो–राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। भारत के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री सहित केन्द्रीय मंत्री परिषद् के शपथ ग्रहण में सम्मिलित होने के लिए जालोर–सांचौर जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली नई दिल्ली पहुंचें और शपथग्रहण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सोमवार को केन्दीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, अर्जुनराम मेघवाल, गजेन्द्रसिंह शेखावत एवं भागीरथ चौधरी और पाली सांसद पीपी चौधरी से भेंट कर शुभकामनाएं प्रेषित की और जालोर–सांचौर जिले में रेल, पेयजल सहित अन्य विभिन्न विषयों के संबंध में विस्तृत चर्चा की।

भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने बताया की भाजपा सरकार राष्ट्र के विकास के लिए समर्पित हैं, और पिछले एक दशक से देश में आए विभिन्न परिवर्तनों के हम सभी साक्षी हैं। विश्व का मार्गदर्शन करने की योग्यता रखने वाला भारत देश अब विकास की नई दिशा में बढ रहा हैं, जिसके लिए देश के युवाओं, महिलाओं, और बुजुर्गो ने मोदी जी को बहुमत दिया हैं। उन्होनें बताया की जालोर–सांचौर में पेयजल गंभीर समस्या हैं, जिसके के समाधान हेतु प्रत्येक घर तक पानी पहुंचाने कार्य शीघ्र किया जाएगा।

इस दौरान राजस्थान सरकार के मंत्री जोराराम कुमावत, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, जिला प्रभारी महेन्द बोहरा सहित स्थानीय नागरिकगण मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### गाड़ी चालक को लूटने के दो आरोपी पकड़े

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के रातानाडा पांच बत्ती के पास में एक गाड़ी चालक से मदद के बहाने लूटपाट करने वाले दो युवकों गिरफ्तार किया है। घटना 29 मई की है। उसे चाकू दिखाकर पर्स लूटने के साथ नींद में मोबाइल चुरा लिया गया था। पीड़ित लू और तापघात का शिकार होने पर एक चबूतरे पर लेट गया था। इसी दौरान मदद के बहाने आए युवकों ने यह लूटपाट की। पुलिस ने प्रकरण में पूछताछ की जा रही है। एकता नगर बनाड़ के रहने वाले गुलाम अशरफ पुत्र अब्दुल कलाम की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह गाड़ी चलाता है। 29 मई को वह अपने मालिक के पास में गाड़ी छोड़कर पैदल लौट रहा था। लू–तापघात के चलते उसकी तबीयत खराब होने लगी तो वह रातानाडा में एक चबूतरे पर सो गया। वह निद्रावस्था में था तब दो युवक उसके पास आए और जेब से उसका मोबाइल निकाल लिया। फिर उसे अस्पताल में ले जाने की बात करते हुए उसे उठाया। बीच रास्ते पांच बत्ती के पास सूने स्थान पर लेकर गए जहां चाकू दिखाकर उसका पर्स लूट लिया। पर्स में चार हजार रूपए थे। लुटापिटा गुलाम अशरफ परेशानी के चलते अपने घर चला गया। बाद में उसने रातानाडा थाने में रिपोर्ट दी। पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए लुटेरों की तलाश आरंभ की। इस बारे में दो आरोपियों भाखरीबास सूरसागर निवासी पिन्नू पंडित और पंचोलिया नाडी प्रतापनगर सदर निवासी अमन को गिरफ्तार किया है। जिनसे लूट की राशि के साथ चुराया मोबाइल और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद की जानी है। अभियुक्तों से पूछताछ की जा रही है।

### घर से लापता युगल के शव मिले

**जोधपुर**, (कासं)। चामू चिड़वाई गांव से सात जून को रात को अपने घर से निकले युगल का शव गगाड़ी नहर पंपिंग स्टेशन की जाली में फंसा मिला। सूचना पर पुलिस वहां पहुंची और शवों को मथानिया सीएचसी अस्पताल लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया। उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई गई है। मथानिया थाने में इस बाबत मर्ग की रिपोर्ट दी गई है। मृतक एक ही जाति के थे। मथानिया थाने के एएसआई मोतीसिंह ने बताया कि चामू चिड़वाई पाबूनगर के रहने वाले पूनाराम पुत्र भगवान ने मर्ग की रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसकी पुत्री 22 साल की सीता सात जून को अपने घर से निकल गई थी, उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वहीं इसी गांव से एक अन्य युवक 25 साल का अशोक पुत्र बद्रीराम भी साथ ही निकला था। दोनों की तलाश की जा रही थी। इधर सुबह पुलिस को सूचना मिली कि राजीव गांधी लिफ्ट नहर के गगाड़ी पंपिंग स्टेशन की जाली में दो शव पड़े हैं। इस पर उनकी पहचान सीता और अशोक के रूप में की गई। एएसआई मोतीसिंह ने बताया कि इस बारे में मर्ग दर्ज कर शव कार्रवाई के बाद परिजन को सुपुर्द कर दिए गए है। दोनों एक ही जाति के थे।

### सूने मकानों सेआभूषण व नगदी चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। कमिश्नरेट क्षेत्र में चोरों ने दो सूने मकानों में सैंध लगाकर वहां से लाखों के जेवरात और नगदी पर हाथ साफ किया। पीड़ितों ने संबंधित थानों में मामला दर्ज करवाया है। माता का थान पुलिस ने बताया कि रूप नगर में रहने वाली नारंगी पत्नी जितेंद्र फुलवारिया की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि वह 2 जून को अपने पीहर गई हुई थी और घर सूना पड़ा था। 8 जून को पड़ौसी ने सूचना दी कि घर के ताले टूटे पड़े है। इस पर वह वापिस अपने घर आई। अज्ञात चोर घर से सोने का बोर, एक अंगूठी, दो नाक की फिणियां, दो चांदी की चूड़ियां, 3 बिछियां, पायल जोड़ी के साथ 6–7 हजार की नगदी चुरा ले गए। माता का थान पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज किया है।चोरों का पता लगाया जा रहा है। दूसरी तरफ सूरसागर पुलिस ने बताया कि चांदपोल गोहर का चौक निवासी यमित दवे पुत्र प्रवीण दवे ने मामला दर्ज करवाया। इसमें बताया कि वह अपनी माताजी के साथ 20 मई को ननिहाल सिरोही पिण्डवाडा गया था। वापिस 8 जून को लौटने पर पता लगा कि घर के ताले टूटे पड़े हैं। अज्ञात चोरों द्वारा घर से 15 हजार की नगदी, कान की बाली, दो फिणी, तीन पायल जोड़ी के साथ जरूरी दस्तावेज चोरी कर लिए गए। मामले में सूरसागर पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज किया है।चोरों का पता लगाया जा रहा है।

### अफीम व डोडा पोस्त का चूरा बरामद

**जोधपुर**, (कासं)। शहर की प्रतापनगर सदर पुलिस ने पांचवीं रोड गीता भवन रोड पर बाइक सवार एक युवक को संदेह के आधार पर रोका। तलाशी लिए जाने पर युवक के पास से अफीम और डोडा– पोस्त का चूरा मिला। इस पर युवक को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया। युवक पढ़ाई करता है। अठिाम अनुसंधान जारी है। प्रतापनगर सदर थानाधिकारी सतीश कुमार के अनुसार गीता भवन के निकट पांचवीं रोड पर एक बाइक सवार युवक को संदेह के आधार पर रूकवा कर तलाशी ली गई। तब उसके पास में 143 ठाम अफीम और 130 ठाम अवैध डोडा पोस्त का चूरा मिला। पीपालाईनाडी की ढाणी जोलियाली झंवर निवासी जितेंद्र विश्रोई को एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर लिया गया।

### युवक ने फंदा लगाकर दी जान

**जोधपुर**, (कासं)। प्रतापनगर सदर थानान्तर्गत आखलिया चौराहा स्थित बरकत कॉलोनी में एक युवक ने अपने घर में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। पुलिस ने मृतक के भाई की रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज किया है। प्रतापनगर सदर पुलिस ने बताया कि बरकत कॉलोनी, आखलिया चौराहा निवासी असरार अहमद पुत्र निसार अहमद की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसके भाई 32 वर्षीय अबरार अहमद ने घर में पंखे के हुक में फंदा डालकर आत्महत्या कर ली।